फर्द अहकाम
कार्यालय जिला कलक्टर राजसमन्द, जिला राजसमन्द

स्नेहप्रभा पुत्री नारायणसिंह चुण्डावत आयु 51 वर्ष निवासी फलेट नम्बर 402 एलिमेन्ट हाईट आफिसंर केम्पस विस्तार जयपुर

---अपीलांट

बनाम

1. नगरपालिका आमेट जरिये आयुक्त/अध्यक्ष
2. श्री जितेन्द्र पिता नारायणसिंह चुण्डावत निवासी आमेट तहसील आमेट
3. श्री निरंजन कुंवर पत्नि जितेन्द्रसिंह राजपूत निवासी आमेट तहसील आमेट

--- रेस्पोडेन्ट

किस्म मुकदमा– अपील स्टेटग्रांट एक्ट **पत्रावली संख्या 01/2019**

क्रमांक	कार्यवाहिक विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 17.10.2019 वकु0पक्ष0उप0। रेस्पोडेन्ट संख्या 02 व 03 के अधिवक्ता ने जवाब पेश कर निवेदन किया है कि अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील स्वीकार की जाती है तो रेस्पोडेन्ट संख्या 02 व 03 को कोई आपत्ति नहीं है। पक्षकारान को सुना गया। उक्त पट्टा संख्या 31 दिनांक 05.09.2018 रेस्पोडेन्ट संख्या 02 व 03 के पक्ष में रेस्पोडेन्ट संख्या 01 के द्वारा जारी किया गया है। अपीलार्थी को उक्त मामले में अपना पक्ष रखने का अवसर नही दिया है। रेस्पोडेन्ट द्वारा अपील स्वीकार करने में अनापत्ति जाहिर की है ऐसी स्थिति में अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील स्वीकार की जाकर नगरपालिका आमेट द्वारा रेस्पोडेन्ट संख्या 02 व 03 के पक्ष में जारी पट्टा संख्या 31 दिनांक 05.09.2018 को अपास्त किया जाता है। उक्त प्रकरण इस आदेश के साथ नगरपालिका आमेट को रिमाण्ड किया जाता है कि उक्त वादग्रस्त भूमि के संबंध मे पक्षकारान को सुनकर नियमानुसार कार्यवाही करें। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नम्बर से कम की जाकर पत्रावली दाखिल दफ्तर हों। जिला कलक्टर राजसमन्द	